नवभारत

# सेवा समझकर करें मरीज की सेवा

## डॉ. अजय चंदनवाले का मंतव्य

संवाददाता

**पुणे.** ससून अस्पताल को अत्याधुनिक तथा दर्जेदार स्वास्थ्य सेवा का केंद्र बनाने के लिए छाबरिया परिवार के जैसे दानवीर लोग पिछले कई वर्षों से पहल कर रहे हैं. 'ससून फॉर कॉमन मैन' का नारा सत्यता में लाने के लिए 'फिनोलेक्स' इंडस्ट्रीज तथा मुकुल माधव फाउंडेशन का दान काफी अहम है. इसलिए यहां आने वाले मरीजों की इमानदारी से सेवा कर दानदाताओं के पैसों का सार्थक उपयोग करें. ऐसा मंतव्य जे. जे. अस्पताल (मुंबई) के डीन डॉ. अजय चंदनवाले ने किया.



फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज के संस्थापक प्रल्हाद पी. छाबरिया की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर फिनोलेक्स एवं मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से एक करोड़ 30 लाख रुपयों की वित्तीय मदद से ससून अस्पताल में निर्मित लीवर ट्रान्सप्लान्ट केंद्र का उद्घाटन किया गया. इस समय विख्यात न्यूरोफिजिशियन डॉ. आर. एस. वाडिया एवं ससून अस्पताल में सफल लीवर ट्रान्सप्लान्ट हुए मरीज बाबासाहब जाधव तथा सणस के हाथों फीत काटकर केंद्र का उद्घाटन किया गया.

## लीवर ट्रान्सप्लान्ट केंद्र का हुआ उद्घाटन

डॉ. चंदनवाले ने कहा कि, लीवर ट्रान्सप्लान्ट ऑपरेशन के बाद मरीज को उचित इलाज तथा निवारक देखभाल के लिए मरीज को उचित मार्गदर्शन करें. साथ ही इस केंद्र में साफसफाई का ध्यान रखा जाए. ससून आज अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बन गया है. इसे और ज्यादा उन्नत करने का प्रयास करें, ऐसा आवाहन उन्होंने किया. इस अवसर पर फिनोलेक्स के अध्यक्ष प्रकाश छाबरिया, मुकुल माधव फाउंडेशन की व्यवस्थापकीय विश्वस्त रितु प्रकाश छाबरिया, होप फाउंडेशन की अध्यक्ष अरुणा कटारा, ससून के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर नणंदकर, डॉ. शीतल धडफले, डॉ. कमलेश बोकिल, डॉ. संजीव ठाकूर समेत प्रल्हाद छाबरिया का मित्र परिवार, डॉक्टर, नर्सेस आदि उपस्थित थे. मुकुल माधव फाउंडेशन से प्राप्त एक करोड़ 30 लाख रुपयों की मदद से यहां पर अत्याधुनिक तकनीक से लैस ऑपरेशन थियेटर तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है. प्रकाश छाबरिया ने कहा कि, आम मरिजों के लिए ससून के डॉक्टर तथा स्टाफ भगवान की तरह है. उनकी इस भावना के मद्देनजर यहां पर उच्च कोटी की स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाई जाएं. आने वाले समय में और भी अच्छी सुविधाएं देने के लिए कटिबद्ध होने की बात प्रकाश छाबरिया ने कही.

रितु प्रकाश छाबरिया ने कहा कि, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की दृष्टि से मुकुल माधव फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से सेवारत है. इसमें नवजात शिशुओं का आईसीयू विभाग, एन्डोस्कोपी केंद्र, लेजर डेंटल यूनिट, विश्राम कक्ष समेत विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई हैं. आगे भी इसी तरह से सेवाएं दी जाएंगी.लीवर ट्रान्सप्लान्ट केंद्र के उद्घाटन समारोह में प्रकाश छाबरिया ने ससून को एक करोड़ रुपयों के मदद की घोषणा की. अगले 90 दिनों में इस रकम का उचित विनियोग करने के निर्देश उन्होंने दिए. यह एक करोड़ रुपयों की रकम लीवर ट्रान्सप्लान्ट केंद्र के रिकवरी कक्ष के निर्माण के लिए खर्च होगी, ऐसी जानकारी रितु प्रकाश छाबरिया ने दी.

Navabharat Pune Edition
6 May, 2019 Page No. 3